अरित्र मुखर्जी / मनोज कुमार शर्मा / मीनाक्षी **01/05**/2026

प्रसार भारती

(भारत का लोक सेवा प्रसारक)

प्रादेशिक समाचार एकाश

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

मॉनिटरिंग - राकेश दोले

Signature Tune

नमस्कार**!** प्रादेशिक समाचार के साथ मैं**,** मनोज कुमार शर्मा

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर राज्य वासियों, विशेषकर बौद्ध समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कामना की कि यह पवित्र दिन सभी को गौतम बुद्ध के महान उपदेशों को उनके वास्तविक अर्थ और भावना के साथ अपनाने और पालन करने की प्रेरणा देती रहे। राज्यपाल ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर भी राज्य के लोगों, विशेषकर समाज के सभी मेहनती श्रमिकों को शुभकामनाएँ दी हैं।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट सियांग जिला और असम के धेमाजी जिले की क्षेत्रीय समितियों के बीच हुए समझौते के अनुसार, क्षेत्रीय समितियों के सदस्यों की एक संयुक्त टीम ने गुरुवार को असम-अरुणाचल सीमा का दौरा कर सीमा स्तंभ लगाने के लिए जगह तय

की। क्षेत्रीय समिति की इस संयुक्त टीम द्वारा जिसमें ईस्ट सियांग ज़िला प्रशासन और केंद्र सरकार के सर्वेक्षण विभाग के अधिकारी मौजूद रहें, सियांग नदी के दाहिने किनारे पर ओयान-जाम्पानी हिस्से से लेकर ईस्ट सियांग के देपी गाँव तक, जो असम की लाइमेकुरी पंचायत से सटा हुआ है, असम-अरुणाचल सीमा पर उन्नीस जगहों को चुना।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज, नई दिल्ली के ताज महल होटल में आयोजित ICPP ग्रोथ कॉन्फ्रेंस 2026 में हिस्सा लिया। इस कॉन्फ्रेंस की मेज़बानी अशोका यूनिवर्सिटी के **'आइज़ैक सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी'** द्वारा किया गया। नीति-निर्माताओं, शिक्षाविदों और विचारकों को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य की विकास यात्रा, प्रमुख सुधारों और विकास पहलों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। अरुणाचल को भारत का जलविद्युत "पावरहाउस" बताते हुए उन्होंने कहा कि उन्नीस हज़ार मेगावॉट क्षमता वाली परियोजनाएं अभी विकास के चरण में हैं, और 2047 तक चालीस हज़ार मेगावॉट का लक्ष्य रखा गया है, जो भारत की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

0000000000000000000000

आज ईटानगर स्थित लोक भवन में गुजरात और महाराष्ट्र के राज्य स्थापना दिवस, और साथ ही हिमाचल प्रदेश के राज्यत्व दिवस को बड़े उत्साह और सांस्कृतिक उमंग के साथ मनाया गया। अरुणाचल

प्रदेश के राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक, एवं राज्य की प्रथम महिला, अनाघा परनाइक ने कार्यक्रम में भाग लिया। गुजरात, महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश से वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश में रह रहे बड़ी संख्या में लोगों ने इस समारोह में भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए, राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश के विकास और प्रगति में इन राज्यों के लोगों द्वारा दिए गए बहुमूल्य योगदान को स्वीकारते हुए उनकी सराहना की।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश ट्रेड यूनियन फेडरेशन की पासीघाट इकाई ने आज पासीघाट में पूरे उत्साह के साथ अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर श्रमिकों से जुड़े प्रमुख मुद्दों को उजागर करने वाला एक ज्ञापन सौंपा गया साथ ही प्रशंसा पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तापी दारांग ने इस बात पर ज़ोर दिया कि श्रमिक ही विकास की रीढ़ हैं, और उन्होंने उचित मज़दूरी, काम करने के लिए सुरक्षित माहौल तथा कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया। इस बीच, स्पीयरकॉर्प्स के स्पीयरहेड डिवीज़न ने अग्रिम मोर्चे पर स्थित मेनचुका वैली में श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उन पॉरटर्स के अमूल्य योगदान को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जो दुर्गम और ऊँचे पहाड़ी इलाकों में सैन्य

अभियानों को सुचारू रूप से जारी रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं।

0000000000000000000000

राज्य भर में आज से हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना के फील्ड ऑपरेशन शुरू हो गए हैं, जो आगामी तीस मई, 2026 तक जारी रहेंगे। इस दौरान, प्रशिक्षित जनगणना गणक यानी enumerators पूरे राज्य में घरों का दौरा करके सीधे डेटा इकट्ठा करेंगे। निवासियों को सलाह दी जाती है कि वे इस प्रक्रिया को आसान और तेज़ बनाने के लिए ज़रूरी जानकारी, जैसे परिवार के सदस्यों का विवरण, घर का प्रकार और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी, तैयार रखें। उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए, दौरे के दौरान गणकों की पहचान की पुष्टि करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के आंजाव ज़िले के लिए ऑरेंज एवं अन्य सत्रह ज़िलों के लिये येलो अलर्ट जारी किया हैं विभाक के अनुसार इन ज़िलों में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज़ बारिश होने की संभावना हैं।

0000000000000000000000

समावेशी प्रशिक्षण और आउटरीच की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, NCC ग्रुप मुख्यालय तेजपुर के तत्वावधान में वन

अरुणाचल प्रदेश बटालियन नेशनल कैडेट कोर, कामले जिले के मेगदोंग स्थित JNV में NCC कैडेट्स के लिए आज से दस मई 2026 तक एक संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (CATC-05) आयोजित कर रहा है। दस दिवसीय NCC शिविर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि यह पहली बार है जब वन अरुणाचल प्रदेश बटालियन NCC इस सुदूर और दूरदराज के इलाके में कोई शिविर आयोजित कर रही है।

0000000000000000000000

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ नमस्कार!